बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

विपणन और प्रचार विभाग,
प्रधान कार्यालय, लोकमंगल
1501, शिवाजी नगर, पुणे 411 005
020- 25614324
media@mahabank.co.in; bomcomedia@gmail.com;

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 20.01.2020

31 दिसंबर, 2019 को समाप्त तिमाही और नौ माह की अवधि के लिए वित्तीय परिणाम

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के निदेशक मंडल ने सोमवार, दिनांक 20 जनवरी, 2020 को प्रधान कार्यालय, पुणे में आयोजित बैठक में 31 दिसंबर, 2019 को समाप्त तिमाही और नौ माह की अवधि के लिए बैंक के परिणामों का अनुमोदन किया। खाते बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा "सीमित समीक्षा" के अधीन हैं।

लाभप्रदता (वित्तीय वर्ष 19 की तीसरी तिमाही की तुलना में वित्तीय वर्ष 20 की तीसरी तिमाही)

- बैंक का परिचालन लाभ 95% की सुदृढ़ वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर रु.842 करोड़ रहा।
- बैंक का निवल लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर रु.3764 करोड़ की हानि की तुलना में बढ़कर रु.135 करोड़ रहा। निवल लाभ में यह वृद्धि निवल ब्याज आय में बढ़ोत्तरी, सुदृढ़ वसूली और खर्चों पर नियंत्रण के कारण संभव हुआ।
- ब्याज आय 14% की वृद्धि प्रदर्शित करते हुए बढ़कर रु.3016 करोड़ रही।
- निवल ब्याज आय (एनआईआई) 36% की वृद्धि प्रदर्शित करते हुए बढ़कर रु.1186 करोड़ रही।
- गैर-ब्याज आय 8% की वृद्धि प्रदर्शित करते हुए बढ़कर रु.442 करोड़ रही।
- जमाराशियों की लागत 5.01% की तुलना में घटकर 4.81% रही।
- बैंक का एनआईएम 2.41% की तुलना में बढ़कर 2.86% रहा।
- आय लागत अनुपात वित्तीय वर्ष 19 की Q3 के 66% से सुधरकर वित्तीय वर्ष 20 की तीसरी तिमाही में 48% रहा।

नौ माह की अवधि के लिए लाभप्रदता (वित्तीय वर्ष 19 की नौ माह की अवधि तुलना में वित्तीय वर्ष 20 की नौ माह की अवधि)

- बैंक का परिचालन लाभ 33% की मजबूत बढ़ोत्तरी प्रदर्शित करते हुए बढ़कर रु.2252 करोड़ रहा।
- बैंक का निवल लाभ रु.4856 करोड़ की हानि की तुलना में बढ़कर रु.331 करोड़ रहा।
- ब्याज आय 7.61% की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर रु.8689 करोड़ रही।
- निवल ब्याज आय (एनआईआई) 19.12% की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर रु.3256 करोड़ रही।
- गैर-ब्याज आय 8.21% की वृद्धि प्रदर्शित करते हुए बढ़कर रु.1257 करोड़ रही।
- निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.50% की तुलना में बढ़कर 2.68% रहा।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

विपणन और प्रचार विभाग,
प्रधान कार्यालय, लोकमंगल
1501, शिवाजी नगर, पुणे 411 005
020- 25614324
media@mahabank.co.in; bomcomedia@gmail.com;

व्यवसाय (वर्ष-दर-वर्ष आधार)

- बैंक का कुल व्यवसाय 31.12.2019 को 4.55% की वृद्धि प्रदर्शित करते हुए रु.235867 करोड़ रहा।
- कुल जमाराशियां 4.4% की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर रु.141986 करोड़ रही।
- कासा जमाराशियां 7.04% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31.12.2019 को बढ़कर रु.68246 करोड़ रही।
- कुल जमाराशियों में कासा जमाराशियों का हिस्सा 31.12.2018 के 46.88% की तुलना में बढ़कर 31.12.2019 को बढ़कर 48.07% रहा।
- सकल अग्रिम 31.12.2019 को बढ़कर रु.93882 करोड़ रहे।
- रिटेल, कृषि और एमएसएमई व्यवसाय 31.12.2019 को 54% से बढ़कर कुल अग्रिमों का 57% रहा।

आस्ति गुणवत्ता

- सकल एनपीए 31.12.2018 के रु.15509 करोड़ (17.31%) की तुलना में 31.12.2019 को रु.15746 करोड़ (16.77%) रहे।(30.09.2019 को 16.86%)
- निवल एनपीए 31.12.2018 के रु.4647 करोड़ (5.91%) की तुलना में 31.12.2019 को रु.4507 करोड़ (5.46%) रहे। (30.09.2019 को 5.48%)
- बैंक ने 31 दिसंबर, 2019 को 82.63% का सुदृढ़ प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा।

पूंजी पर्याप्तता

- पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 दिसंबर, 2018 के 11.049% की तुलना में 31 दिसंबर, 2019 को बढ़कर 11.21% रहा। (30.09.2019 को 11.83%)
- टियर I अनुपात 31 दिसंबर, 2019 को 9.44% रहा। (30.09.2019 को 10.01%)

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

विपणन और प्रचार विभाग,
प्रधान कार्यालय, लोकमंगल
1501, शिवाजी नगर, पुणे 411 005
020- 25614324
media@mahabank.co.in; bomcomedia@gmail.com;

फोटो कैप्शन:

श्री ए एस राजीव, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के दिसंबर, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम घोषित करते हुए. (दाये से तिसरे)

(**फोटो मे दाये से** -महाप्रबंधक तथा मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री व्ही पी श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक श्री ए सी राउत, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री ए एस राजीव, कार्यपालक निदेशक श्री हेमंत टम्टा, बँक ऑफ महाराष्ट्र)